## कार्यपत्र-6

### समानार्थी और विलोम शब्द

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'उद्यान' का समानार्थी शब्द है– (ii) वाटिका ✓

(ख) 'तलवार' का समानार्थी शब्द नहीं है– (iv) विटप ✓

(ग) 'वरदान' का विलोम शब्द है– (ii) अभिशाप ✓

(घ) 'गहरा' का विलोम शब्द कौन-सा है? (iii) उथला ✓

(ङ) 'अनुकूल' का विलोम शब्द होगा– (ii) प्रतिकूल ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) वे शब्द जो भिन्न-भिन्न होते हुए भी किसी एक अर्थ को स्पष्ट करते हैं, समानार्थी शब्द कहलाते हैं। जैसे– अग्नि, आग, ज्वाला, पावक।

(ख) विपरीत अर्थ का ज्ञान कराने वाले शब्द विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं। जैसे– पाप-पुण्य, उपकार-अपकार।

**3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | समुद्र | सागर | सिंधु | (ख) | सेना | दल | फ़ौज |
| (ग) | नौकर | सेवक | दास | (घ) | नारी | स्त्री | महिला |
| (ङ) | कोयल | कोकिला | श्यामा | (च) | अतिथि | मेहमान | पाहुना |
| (छ) | साँप | नाग | सर्प | (ज) | दूध | क्षीर | दुग्ध |
| (झ) | धन | दौलत | संपत्ति | (ञ) | पुत्र | बेटा | तनय |
| (ट) | पक्षी | खग | नभचर | (ठ) | प्रकाश | उजाला | ज्योति |

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अल्पायु | × | दीर्घायु | (ख) | उदार | × | अनुदार |
| (ग) | मूक | × | वाचाल | (घ) | सजीव | × | निर्जीव |
| (ङ) | प्राकृतिक | × | कृत्रिम | (च) | प्रवेश | × | निकास |
| (छ) | श्वेत | × | श्याम | (ज) | ठोस | × | तरल |
| (झ) | छूत | × | अछूत | (ञ) | कटु | × | मधुर |
| (ट) | पुरस्कार | × | दंड | (ठ) | दुर्लभ | × | सुलभ |

**5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) आयात – भारत ने रूस से तेल आयात किया।

(ख) निर्यात – भारत से फलों का निर्यात किया जाता है।

(ग) चंचल – प्रतीक चंचल लड़का है।

(घ) स्थिर – तुम्हें अपने जवाब पर स्थिर रहना चाहिए।